आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 10 ● कटनी ● शुक्रवार, 11 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

रेलिंग तोड़ हिंडन नहर में जा गिरी कार तीन की मौत

गाजियाबाद । गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वसुंधरा में देर रात एक दर्दनाक हादसे में तीन घरों के चिराग बुझ गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात करीब 1:30 बजे एक तेज रफ्तार स्कोडा कार रेलिंग तोड़कर हिंडन नहर में जा गिरी। कार में तीन दोस्त सवार थे और हादसे में तीनों की मौत हो गई। कार सवार युवक खोड़ा क्षेत्र से अपने दोस्त की बहन की शादी में इंदिरापुरम के एक फार्म हाउस में आए थे। वह शादी से वापस लौट रहे थे और अचानक ये दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें तीन दोस्तों की नहर में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने तत्काल क्रेन और जेसीबी की मदद से गाड़ी को बाहर निकल कर तीनों के शव कब्जे में लिए। इसकी सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन में कोहराम मच गया। तीनों दोस्तों की पहचान सोनू पुत्र शंकर निवासी दीपक विहार खोड़ा कॉलोनी, देव गुप्ता पुत्र प्रदीप गुप्ता निवासी दीपक विहार और ललित पुत्र नरेश निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राष्ट्रपति बाइडेन बोले, सेना भेजने का मतलब 'वर्ल्ड वॉर'



वाशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन में अमेरिकियों को मास्को और कीव के बीच तनाव के कारण तुरंत देश छोड़ने की चेतावनी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अमेरिकी सैनिकों को भेजने का मतलब होगा विश्व युद्ध । अमेरिकी नागरिकों को अब यूक्रेन छोड़ देना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने यह बात एक इंटरव्यू में कही। बाइडन ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हम किसी आतंकवादी संगठन से निपट रहे हैं। हम दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक के साथ काम कर रहे हैं। यह बहुत अलग स्थिति है और चीजें जल्दी खराब हो सकती हैं। वहीं अमेरिकी विदेश विभाग ने यूक्रेन में अमेरिकियों से जल्द से जल्द देश छोड़ने का आग्रह करते हुए एक नई एडवाइजरी जारी की है।

कोरोना से GDP को 9.57 लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2022 पर चर्चा का जवाब दिया। राज्यसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस बजट में तकनीक को प्राथमिकता दी गई है, इसका एक उदाहरण कृषि में सुधार करने और उसको मॉडर्न बनाने के लिए ड्रोन को लाना है। स्टार्टअप को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, हमने देखा कि देश में जिस मजबूती के साथ स्टार्टअप आ रहे हैं ऐसा विश्व में कहीं नहीं हुआ ।वित्त मंत्री ने कहा कि ये बजट स्थिरता की बात करता है, इस बजट में पिछले साल की कुछ योजनाओं को आगे बढ़ाया गया है ।और वो योजनाएं आने वाले 25 सालों में हमारा मार्गदर्शन करेंगी। इस महामारी की वजह से जीडीपी में 9.57 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ लेकिन सप्लाई साइड में हुए अवरोध के बावजूद भी भारत की सीपीआई मुद्रास्फीति अब 6.2प्रश है।

Share Market में बड़ा भूचाल

सेंसेक्स 1000 अंक गिरा

महिंद्रा को छोड़ सभी कंपनी के शेयर धड़ाम

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स-निफ्टी बुरी तरह टूट गया। सेंसेक्स 58,447 अंक तक गिर गया और समाचार लिखे जाने तक यह 880 अंक गिर गया था। महिंद्रा कंपनी को अलावा बाकी सभी कंपनियों के शेयर लाल निशान पर थे। वहीं दूसरी ओर निफ्टी भी 259 अंकों की गिरावट के साथ 17345 पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले गुरुवार को रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया था, जिससे बाजार को फायदा हुआ। इससे एक दिन पहले क्लस्श्व सेंसेक्स 460.06 अंक या 0.79 प्रतिशत ऊपर 58,926 अंक पर बंद हुआ। ह्रस्श्व का निफ्टी भी 142.05 अंक या 0.81 प्रतिशत बढ़कर 17,605.85 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील 2.11 फीसदी की बढ़त के साथ फायदे में रहगी।

इन कंपनियों के शेयर में रही तेजी

इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और

पावरग्रिड के शेयरों में भी तेजी रही। सेंसेक्स में सिर्फ चार कंपनियों के शेयर घाटे में रहे। मारुति सुजुकी, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज को 1.64 फीसदी तक का नुकसान हुआ।

रेपो रेट स्थिर रखने का असर

बाजार से जुड़े जानकारों का कहना है कि रेपो रेट को स्थिर रखने के भारतीय रिजर्व बैंक के फैसले का अनुकूल असर शेयर बाजारों में देखने को मिला। रिजर्व बैंक ने कहा कि वह अर्थव्यवस्था को महामारी से उबरने में मदद करने के लिए सहायक भूमिका निभाता रहेगा।

बाजार की गिरावट के ये तीन कारण

बाजार की गिरावट का प्रमुख कारण अमेरिका में महंगाई दर 40 साल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। साथ ही अमेरिकी सेंट्रल बैंक मार्च से ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी करेगा। तीसरी बात, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने नागरिकों से यूक्रेन को तुरंत छोड़ने को कहा है। इससे आशंका है कि रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई कभी भी हो सकती है।

आधा पर्सेंट की होगी बढ़ोत्तरी

अनुमान है कि अमेरिकी सेंट्रल बैंक दरों में आधा पर्सेंट की बढ़त कर सकता है। जुलाई तक रेट में एक पर्सेंट की ब?त की उम्मीद है। विदेशी निवेशकों के पसंदीदा आईटी और फाइनेंशियल स्टॉक्स में बिकवाली ज्यादा है। ब्रोकरेज हाउस नोमुरा ने कहा है कि अमेरिकी सेंट्रल बैंक इस साल में 4-5 बार दरों को बढ़ा सकता है।

सिहोरा में सड़क हादसा

घना कोहरे के कारण खड़े ट्रक से टकरा गई टाटा सफारी

महाराष्ट्र के संत त्यागी जी महाराज सहित दो की मौत

जबलपुर, यशभारत। सिहोरा के नेशनल हाइवे के ग्राम धनगवा के पास आज शुक्रवार को सुबह-सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसके चलते तेज रफ्तार टाटा सफारी खड़े ट्रक से जा भिड़ी, जिसमें महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत बाबाजी त्यागी महाराज सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। पुलिस ने सूचना के बाद ट्रक चालक को दबोचकर, ट्रक जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि ट्रक रॉग साइड में खड़ा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। सिहोरा पुलिस ने बताया कि आज सुबह करीब 5:30 बजे धनगवा के पास नेशनल हाईवे पर टाटा सफारी एवं ट्राला में टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही सिहोरा टीआई गिरीश धुर्वे, एसआई रविन कन्नौज सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर टाटा सफ्ररी में सवार दो लोगों की मौत हो चुकी थी, एक गंभीर रूप से घायल था, बाकी लोगों को मालूम चोट आई थी। पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया एवं मृतकों के शवों का पंचनामा कर पीएम के लिए रवाना किया।

अमरावती से संत के दर्शन कर लौट रहे थे

टीआई गिरीश धुर्वे ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि महाराष्ट्र के संत बाबा जी त्यागी महाराज उम्र करीब करीब 45 वर्ष अपने 6-7 सहयोगियों के साथ किसी संत के दर्शन करने के लिए छत्तीसगढ़ के अमरावती जा कर, टाटा सफारी क्रमांक एमएच 26 एके 7133 में छत्तीसगढ़ से वापस लौट रहे थे। सुबह करीब 5 :30 बजे जैसे ही धनगवा के पास पहुंचे तो ओवरटेक करते हुए टाटा सफ्ररी कार ट्राला से टकरा गई। हादसे में बाबा जी त्यागी महाराज एवं बड़ी पाटिल की मौके पर ही मौत हो गई है। शेष लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों से बातचीत करते हुए उनके परिवार में हादसे की सूचना दे दी है।

थर्ड वेव में ब्लैक फंगस से पहली मौत

भोपाल के हमीदिया अस्पताल में थी एडमिट, दोनों वैक्सीन लगे थे

भोपाल कोरोना की दूसरी लहर के बाद सबसे ज्यादा परेशान करने वाला ब्लैक फंगस एक बार फिर एक्टिव होता दिख रहा है। हमीदिया अस्पताल में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात महिला की मौत हो गई। तीसरी लहर में ब्लैक फंगस का यह पहला मामला है। इस महिला की कोविड़ हिस्ट्री न होने से डॉक्टरों की चिंता बढ़गई है। हालांकि महिला फुली वैक्सीनेटेड थी। उसे वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके थे ।उल्लेखनीय है कि दूसरी लहर में 11 सौ से ज्यादा लोग इस संक्रमण की चपेट में आए थे। इंदौर के एमवाय अस्पताल में 800 से ज्यादा मरीजों का इलाज हुआ था। ब्लैक फंगस की वजह से 80 लोगों की मौत भी हुई थी। कोरोना से संक्रमित हुए लोग इस नई बीमारी से भयभीत हो गए थे। सभी को यह डर था कि कहीं यह बीमारी उन्हें न हो जाए। हालांकि यह बीमारी सभी कोरोना पीड़ितों को नहीं हुई थी।

कोरोना के एक्टिव केस 7 लाख से कम

नए केस सिर्फ 58 हजार

नई दिल्ली। देश में बीते दिन कोरोना वायरस से संक्रमण के 58,077 नए मामले सामने आए और 657 मरीजों की मौत हुई। इस दौरान 1,50,407 लोग ठीक हुए, जिससे अब तक रिकवर होने वालों की संख्या 4,13,31,158 हो गई। वहीं, कोरोना के एक्टिव केस 7 लाख से कम हो गए हैं। इस समय 6,97,802 मरीजों का इलाज चल रहा है। सक्रिय मामलों की दर 1.64प्रतिशत है ।बीते दिन देश में 14,91,678 कोरोना टेस्ट हुए। अब तक 74.78 से ज्यादा टेस्ट हो चुके हैं। वहीं, कोरोना महामारी के खिलाफ देश में वैक्सीनेशन कैंपेन जारी है। अब तक पूरे देश में 171.79 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी हैं।

राजस्थान में गुरुवार को कोरोना के 3,491 नए मामले सामने आए, जबकि संक्रमण से 15 मरीजों मौत हो गई। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीते दिन जयपुर में 804, जोधपुर में 252, सीकर में 168, अलवर में 167, गंगानगर में 166, बीकानेर में 164, कोटा में 140, पाली में 138 और उदयपुर में 134 नए मरीजों का पता चला। राज्य में 7,758 और लोग संक्रमण से मुक्त हो गए और इस समय 29,530 मरीजों का इलाज जारी है।

मप्र में सामने आये कोरोना वायरस के 2,742 नए मामले, छह की मौत

भोपाल। मध्य प्रदेश में गुरुवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2,742 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,18,749 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में छह लोगों की मौत इस बीमारी से हुई है और इसे मिलाकर राज्य में अब तक कुल 10,679 लोगों ने इस बीमारी से जान गंवाई है।अधिकारी ने कहा कि गुरुवार को इंदौर में कोरोना वायरस संक्रमण के 351 और भोपाल में 531 नए मामले सामने आये। ये दोनों जिले इस बीमारी से प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित हैं। इसके अलावा जबलपुर 98 के अलावा अन्य सभी 52 जिलों में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं। वहीं संक्रमण दर भी 3.67 प्रतिशत पर पहुंच गयी।

बंदियों से मिलने की पाबंदियों को एक दो दिन में हटाया जाएगा

भोपाल । गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि जेल में बंद बंदियों से अब उनके परिजन मुलाकात कर सकेंगे, कोरोना के कारण लगाई गई पाबंदियों को एक-दो दिन में हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने कांग्रेस के जोड़-जोड़ खोल दिए अब जोड़ने की बात कर रहे हैं पहले ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को घर बिठा दिया है अब घर-घर चलो अभियान के नाम पर और पता नहीं कितने नेताओं को घर बिठायेंगे।

बंदरों के झुंड ने मां-बेटे को बंदरों ने दूसरी मंजिल से धक्का दिया

छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के चंदला थाना क्षेत्र में सात साल के बालक और उसकी मां को बंदरों ने दूसरी मंजिल की छत से धक्का दिया। इससे उन्हें गंभीर रूप से घायल होने पर उत्तर प्रदेश के झांसी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है ।मामला छतरपुर जिले के चंदला क्षेत्र की है। यहां सीता पटेल अपने सात साल के बेटे अजय के साथ दूसरी मंजिल की छत पर टहल रही थीं। इसी बीच कुछ बंदरों का झुंड आ गया। उन्होंने मां-बेटे पर हमला कर दिया। बंदरों ने उन्हें उठाकर छत से नीचे धक्का दे दिया। घटना के तुरंत बाद परिजनों घायल मां बेटे को छतरपुर जिले के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों के परिजन दादूराम पटेल का कहना है कि उनकी बहू सीता पटेल एवं उसका बेटा छत पर थे तभी बंदर आ गए। सीता अपने बेटे के पास पहुंची और उसे गोद मे उठा लिया। मगर जब तक सीता बेटे के साथ संभल पाती, बंदरो ने उन्हें धक्का दे दिया। धक्का देने से दोनो मां-बेटे दूसरी मंजिल की छत से नीचे गिर गए। दोनों लहूलुहान हालत में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

डिंडौरी में ट्रक घर में घुसा, एक की मौत

डिंडौरी, । जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदना में अनियंत्रित होकर देर रात तक एक घर में घुस गया। हादसे में घर में सो रहे तीन लोग जहां घायल हो गए वहीं 8 वर्षीय एक बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गा?ासरई एसआइ स्वाति शर्मा ने बताया कि रात लगभग दो बजे के आसपास ट्रक राजकुमार परस्ते के घर में घुस गया था। हादसे में सुहानी पिता राजकुमार परस्ते 8 वर्ष की मौत हो गई, वहीं परिवार के अन्य 3 सदस्य घायल हो गए। घायलों को गा?ासरई के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया कि ट्रक खाली था और संभवत डिंडौरी से अमरकंटक की ओर जा रहा था। रात लगभग 2 बजे के आसपास घना कोहरा होने के चलते सड़क किनारे स्थित राजकुमार परस्ते के घर में ट्रक जा घुसा। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचकर ट्रक को निकालने की कार्रवाई कर रहा है।

भोपाल नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने कोडवर्ड में रिश्वत मांगी

5 लीटर फिनाइल से काम नहीं चलेगा, पूरे 10 लीटर दो

भोपाल। भोपाल नगर निगम के एक सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रतिबंधित पॉलिथिन का धंधा करने की मौखिक अनुमति देने के बदले एक व्यापारी से रिश्वत मांगी और अपने अधीनस्थ के माध्यम से दस हजार रुपए की रिश्वत लेने पर गिरफ्तार किया है। एक बार उसने रिश्वत की राशि कम होने पर नकद राशि लौटा दी थी और कोडवर्ड में कहा था कि पांच लीटर फिनाइल से काम नहीं चलेगा, पूरे दस लीटर देना होगा। भोपाल नगर निगम में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अजय श्रवण जोन नंबर पांच में पदस्थ हैं। सिंधी कॉलोनी के एक व्यापारी पंकज खूबचंदानी से अजय श्रवण मिले थे और उनसे कहा था कि अगर उन्हें पॉलिथिन का व्यापार करना है तो दस हजार रुपए हर महीने देना होंगे। नौ फरवरी में जब पंकज को पांच हजार रुपए की रिश्वत की राशि भेजी तो उसने लौटा दी थी। मोबाइल फोन पर अपने अधीनस्थ सतीश टांक के माध्यम से बात करते हुए पंकज को कहा था कि पांच लीटर फिनाइल से काम नहीं चलेगा, पूरी दस लीटर फिनाइल देना होंगे। पंकज खूबचंदानी ने सहायक स्वास्थ्य अधिकारी की इस मांग पर लोकायुक्त पुलिस को शिकायत की गई तो दस फरवरी को फिर उससे बात हुई। गुरुवार की देरशाम को जब वे मुख्य रेलवे स्टेशन के पास सफाई करा रहे थे तो पंकज ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने पंकज को वहीं बुला लिया और जब लोकायुक्त पुलिस की टीम योजनाबद्ध ढंग से निरीक्षक उमा कुशवाह के नेतृत्व में वहां पहुंची तो अजय श्रवण वहां नहीं मिला। उसने मोबाइल फोन पर व्यापारी पंकज को सतीश टांक को फिनाइल देने की बात कही तो दस हजार रुपए की राशि सतीश से लोकायुक्त पुलिस ने रंगेहाथों जप्त की(और अजय श्रवण के खिलाफ पीपुल्स मॉल के पीछे स्थित सुख सागर कॉलोनी में उनके घर कार्रवाई की गई।

कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ हुई थी अपील

हिजाब विवाद में दखल नहीं देगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। कर्नाटक के हिजाब विवाद में दखल देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ अपील की गई थी, जिसमें हाईकोर्ट ने स्कूल-कॉलेज में धार्मिक कपड़े पहनने पर रोक लगा दी थी। अपील में कहा गया था कि इससे मुस्लिम छात्राओं के अधिकार कम हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस अपील पर अर्जेंट सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि सही वक्त आने पर वो इस मामले को देखेगी।

फैसला आने तक कर्नाटक हाईकोर्ट ने लगाई थी धार्मिक लिबास पर रोक

कर्नाटक हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के खिलाफ मस्जिद मदारिस और वक्फ इंस्टीट्यूशंस के डॉ जे हल्ली फेडरेशन ने अपील की थी। गुरुवार को हाईकोर्ट ने इस मामले में फैसला आने तक स्कूल-कॉलेज में धार्मिक कपड़े पहनने पर रोक लगा दी थी ।कोर्ट ने कहा- हम जल्द से जल्द फैसला सुनाएंगे, लेकिन शांति कायम करना जरूरी है। कोर्ट इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पहले कहा कि हम देखेंगे कि हिजाब पहनना मौलिक अधिकार है या नहीं। इससे पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। कांग्रेस नेता और वकील कपिल सिब्बल ने यह केस

SC ने कहा- सही वक्त आने पर सुनवाई करेंगे

कर्नाटक हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करते हुए 9 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच से सुनवाई कराने की मांग की थी। तब ष्टछ्वढ्ढ ने कहा था कि पहले कर्नाटक हाईकोर्ट में आज होने वाली सुनवाई का फैसला आने दें। इसके बाद हम इस मामले को देखेंगे।×कंगना रनौत हिजाब विवाद में लेकर आईं अफगानिस्तान, शबाना आजमी ने दिया जवाबटीम, कर्नाटक की हिजाब कंट्रोवर्सी पर कंगना रनौत के स्टेटमेंट का जवाब शबाना आजमी ने दिया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा था कि अगर हिम्मत ही दिखानी है तो अफगानिस्तान में बुर्का न पहनकर दिखाओ। कंगना रनौत के इस कमेंट को शबाना आजमी ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके जवाब दिया है। जावेद अख्तर इस मामले पर पहले ही ट्वीट कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि वह तो हिजाब और बुर्का के पक्ष में कभी नहीं रहे लेकिन जिस तरह से लड़कियों के छोटे से ग्रुप को परेशान किया जा रहा है, वह गलत है।

कंगना ने लिखा- स्वतंत्र होना सीखो

कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, हिम्मत ही दिखानी है तो अफगानिस्तान में बुर्का मत पहनो... स्वंतत्र होना सीखो न कि खुद को बांधकर रखना।

रिटायरमेंट से एक दिन पहले जस्टिस पुष्पा गनेडीवाला ने इस्तीफा दिया

मुंबई। स्किन टू स्किन टच मामले में फैसला देकर सुर्खियों में आईं बॉम्बे हाईकोर्ट की महिला अतिरिक्त जज जस्टिस पुष्पा वी गनेडीवाला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आज यानी 11 फरवरी को उनके कार्यकाल का आखिरी दिन है। हैरत यह है कि वे 12 फरवरी को रिटायर होने वाली थीं। कानूनी जानकारों का मानना है कि इस इस्तीफे के बाद वे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रैक्टिस कर सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस गनेडीवाला के नाम की स्थायी जज के रूप में सिफारिश नहीं करने का फैसला किया था। 12 साल की लड़की के साथ यौन अपराध मामले में आरोपी को बरी करते हुए जस्टिस गनेडीवाला ने कहा था कि स्किन-टू-स्किन संपर्क में आए बिना किसी को छूना क्कह्रष्टस्ह्र एक्ट के तहत यौन हमला नहीं माना जाएगा। यही नहीं, 5 साल की बच्ची का हाथ पकड़ने और पैंट खोलने को भी जस्टिस गनेडीवाला ने यौन उत्पीड़न नहीं माना था।

पश्चिम मध्य रेलवे को बजट में 1600 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए गए, कटनी सिंगरौली के लिए विशेष प्रावधान

बजट में आवंटन के बाद कटनी सेक्शन पर खास ध्यान

कटनी। केन्द्रीय बजट में कटनी सेक्सन पर चल रहे कार्यो को लेकर पमरे विशेष सतर्कता बरत रहा है। खास कटनी से सिंगरौली तथा कटनी से सागर बीना रेल मार्ग को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की खास नजर है। गत दिवस इसी की बानगी देखने को मिली जब कटनी से सागर तक का रेल निरीक्षण किया गया। जबलपुर रेल मंडल की सीमा में आने वाली कटनी से बीना के बीच बन रही तीसरी रेल लाइन के काम की रफ्तार बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई। दरअसल आम बजट में रेलवे की परियोजनाओं के काम की रफ्तार बढ़ाने के लिए बजट का आवंटन कर दिया है। इस बार पश्चिम मध्य रेलवे को बजट में 1600 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए गए हैं, ताकि न सिर्फ पुरानी परियोजनाओं का काम तेज हो। पमरे जीएम सुधीर गुप्ता ने जबलपुर रेल मंडल में चल रही परियोजनाओं को निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत कटनी से दमोह, सागर और बीना के बीच चल रही तीसरी लाइन निर्माण कार्य को देखकर किया। जीएम सुधीर गुप्ता के विंडो स्पेशल ट्रेन में सवार होकर सागर के दमोह के बीच रेलवे लाइन का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां मौजूद आला अधिकारियों को काम की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए। जीएम ने कटनी से लेकर दमोह और फिर दमोह से लेकर सागर और बीना तक निरीक्षण करते हुए यहां चल रहे कामों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद जीएम ने यहां पर चल रही तीसरी लाइन बिछाने का काम कर रहे अधिकारियों ने काम खत्म होने और कार्य के दौरान आ रही समस्याओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने दमोह और सागर रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेल सुविधा और कर्मचारियों के लिए किए जा रहे कार्यों को देखा। सागर रेलवे स्टेशन पर उन्होंने नए ड्राइवर लाबी और रनिंग रूम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसका फायदा रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा। सागर रेलवे स्टेशन से जीएम विंडो कोच (ट्राली) में सवार हुए। इस कोच में चारों ओर कांच की बड़ी-बड़ी खिड़कियां होती हैं, जिसकी मदद से रेल लाइन और इसके आस-पास देखना आसान होगा है। कोच में अंदर अधिकारियों के बैठने से लेकर टीवी स्क्रीन लगी होती है। जीएम ने इस कोच की मदद से यहां चल रहे तीसरी रेल लाइन के निर्माण कार्यो को देखा और फिर अधिकारियों के साथ काम की समीक्षा भी की। अभी भी कई जगह काम समय पर पूरा नहीं हो सका है।

राजनीतिक कारणों की चर्चा

कटनी जबलपुर दमोह सागर या फिर सिंगरौली रेल खंड में रेलवे की इस सक्रियता के पीछे जो कारण सामने आये हैं वह किसी से छिपे नहीं हैं। जबलपुर तो रेल जोन का मुख्यालय है यहां रेल सुविधायओं को लेकर नेताओं की सक्रियता सबके सामने है इधर कटनी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का क्षेत्र है जबकि दमोह केन्द्रीय मंत्री का क्षेत्र है बात सिंगरौली की करें तो यहां भी सांसद रेल सुविधाओं को लेकर खास सक्रिय रहतीं है इन्हीं सब कारणों के बाद इस सेक्सन पर स्वीकृत कार्यों के लिए मंत्रालय का खास ध्यान रहता है।

कटनी के मजदूरों के साथ गुना में धोखा

79 हजार गड्डे खुदवाए पर नहीं दी मजदूरी, सर्द रात में ठिठुरते रहे छोटे-छोटे बच्चे

कटनी। गुना बमोरी विधानसभा के वन परिक्षेत्र फतेहगढ़ में मजदूरी करनेवाले श्रमिक अपने भुगतान के लिए दर—दर भटक रहे हैं. इसके लिए कटनी, शहडोल, उमरिया के सैकड़ों मजदूरों ने कलेक्ट्रेट के बाहर फिर डेरा डाल दिया है। इसमें सबसे ज्यादा कटनी जिले के मजदूर हैं जो कटनी की बड़वारा विधानसभा के बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वन विभाग ने इन मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया है। इससे पहले सर्द रात में भी मजदूर अपने छोटे छोटे बच्चों को साथ यूं ही ठिठुरते रहे थे। मजदूरों का कहना है कि उन लोगों ने 79 हजार गड्डे खोदे हैं। इसके लिए मजदूरी के रूप में 12 लाख रुपए चाहिए लेकिन वनविभाग ने उन्हें भुगतान नहीं किया है। बेदर्द सरकार उनकी सुन नहीं रही है, जिला प्रशासन बेरहम बन चुका है. मजदूरी न मिलने पर मजदूरों ने कलेक्ट्रेट के दोनों गेटों पर डेरा डाल दिया है। बमोरी विधानसभा के वन परिक्षेत्र फतेहगढ़ में ये मजदूर करीब दो माह पूर्व मजदूरी करने आए थे. मजदूरों को मजदूरी का पैसा नही दिया गया. इससे खफा मजदूर सुबह कलेक्ट्रेट आ गए और कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट और पीछे वाले गेट पर डेरा डाला। इधर जिला प्रशासन ने यह सोचकर कि कहीं मजदूर अंदर न घुस जाएं, दोनों गेट अंदर से बंद करा दिए। इससे अधिकारी और कर्मचारी न अंदर जा पा रहे हैं न बाहर। देर रात तक ये लोग गुना कलेक्ट्रेट के बाहर ही सर्द मौसम में छोटे छोटे बच्चों के साथ डेरा डाले रहे थे। आखिरकार इन्हें आधी रात को प्रशासन ने रेलवे स्टेशन भिजवा दिया था। कटनी, शहडोल और उमरिया से आए इन मजदूरों का कहना है कि हमसे वन विभाग ने प्लांटेशन के लिए 79 हजार 500 गड्डे करवाए लेकिन उनको मजदूरी का पैसा नहीं दिया गया.

मजदूरी का लगभग 12 लाख रुपए का भुगतान नहीं मिला है। पैसे न होने के कारण मजदूर भुखमरी की कगार पर आ गए हैं। मजदूरों का कहना है कि हम लोग यहीं धरने पर बैठे रहेंगे। जब तक हमें पैसा नही मिलता। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मजदूरों को समझाते रहे लेकिन वे मजदूरी के पैसे लिए बगैर यहां से उठने को तैयार नहीं हैं।

मैं इस लड़की के बिना नहीं रह सकता, फेसबुक स्टेटस लिख कटनी के युवक ने दे दी जान

कटनी। कटनी के रहने वाले युवक ने झारखंड में आत्महत्या कर ली है। घटना गुमला जिले के करम डीपा स्थित बरिसा टोंगरी की है। युवक की पहचान इंद्रभान बर्मन उर्फ छोटू के रूप में हुई है। सुसाइड से पहले उसने लड़की से वीडियो कॉल पर बात की। इसके बाद वॉट्सऐप स्टेटस में लड़की के साथ फोटो डाली और उसमें सुसाइड की वजह बताई। उसकी उम्र करीब 24 साल थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया। मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

मैं इसके बगैर नहीं रह सकता

स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक करम डीपा स्थित बरिसा टोंगरी स्थित क्रेशर प्लांट में मजदूरी करता था। वह पिछले कुछ समय से तनाव में था। बुधवार की रात युवक ने प्लांट के पास ही एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने अपने वॉट्सऐप में एक लड़की के साथ तस्वीर लगाई है। इसमें उसने लिखा है कि-आज मैं इस लड़की की वजह से मर रहा हूं। इस ने मुझे पूरी तरह बर्बाद कर दिया। मैं इसके बगैर नहीं रह सकता। इसने मुझसे झूठा प्यार किया। मेरा बहुत सारा पैसा ले लिया। कहा था कि शादी करूंगी। शादी करने के समय कहा कि तुम मेरी जाति के नहीं हो। कुछ लोगों ने पुलिस को बताया है कि युवक यहां मजदूरी करने के बाद मिलने वाले वेतन का बड़ा हिस्सा अपनी प्रेमिका को भेज देता था। इस कारण वह अक्सर आर्थिक परेशानी में भी रहता था। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त कर लिया है। कहा जा रहा कि युवक ने मोबाइल में कुछ वीडियो भी बनाकर रखा है। घटना की सूचना पर मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष जुम्मन खान मोहम्मद जावेद मोहम्मद बरकत सहित अन्य लोग गुरुवार को सदर अस्पताल पहुंचे। मामले की जानकारी ली।

सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारियों की नहीं हुई पीएफ की राशि जमा , सांसद व विधायक से गुहार

कटनी। बिजली वितरण कंपनियों ने कटनी, सहित प्रदेश के कई जिलों में कार्यरत दस हजार आउटसोर्स कंपनियों, आउटसोर्स ठेका कर्मियों के वेतन से काटी गई करीब दस करोड़ से अधिक की राशि ठेका कर्मचारियों के पीएफ खाते में जमा नहीं हुई है। कटनी जिले में करीब 5 सौ ऐसे कर्मचारी हैं जो आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। इस बारें में स्थानीय कर्मचारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों सहित क्षेत्रीय सांसद विधायकों से गुहार लगाई है। इस तरह आउटसोर्स कंपनियां कुछ अधिकारियों से मिलीभगत कर पीएफ को हड़पने की तैयारी में है। इस संबंध में कांग्रेस चीफ विजिलेंस व आयुक्त केंद्रीय भविष्य निधि एवं सभी वितरण कंपनियों के एमडी को पत्र लिखकर ठेका कर्मियों के ईपीएफ खाते में राशि तत्काल जमा करवाने एवं नियम अनुसार ठेकेदार पर 15 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से पेनाल्टी लगाने की अपील की है। वैसे तो टेंडर की लिखित शर्तों के मुताबिक हर माह पीएफ राशि जमा होने के बाद ही ठेकेदार का बिल पास होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। आरोप है कि छिंदवाड़ा सहित कटनी, डिंडौरी, रीवा, राजगढ़ में बिजली वितरण कंपनी में ओरियन एवं ट्रिक डिटेक्टिव कंपनी के पास आउटसोर्स ठेके हैं पर इस मेन पावर ठेकेदार ने अप्रैल 2021 से लेकर अब तक 10 माह में डेढ़ हजार ठेका कर्मियों के पीएफ खाते में जमा नहीं किए हैं। ओरियन साल्यूशन प्राइवेट लि. ठेकेदार ने तो पीएफ जमा करने की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। इस ठेकेदार ने भोपाल सिटी सर्किल के डेढ़ हजार ठेका कर्मियों की डेढ़ करोड़ रुपये की पीएफ राशि खाते में नहीं डाली है। कर्मचारी संगठन का कहना है कि ठेका अवधि खत्म होने पर ठेकेदार भाग जाएगा और ईपीएफ खा जाएगा, इसलिए ऐसे मेन पावर ठेकेदारों के ठेके निरस्त कर ठेका कर्मियों के खाते में पीएफ का पूरा पैसा डाला जाना चाहिए।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से



खिलाड़ी
कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।

भाजपा जुटी समर्पण में,कांग्रेस की घर-घर दस्तक

अगले तीन माह में निकाय चुनाव की सुगबुगाहट से जमीन तैयार कर रहे राजनीतिक दल

कटनी। राजनीतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस इन दिनों संगठन के काम में जुटी हैं। यह इस बात का संकेत है कि प्रदेश में आने वाले दिनों में निकाय और पंचायत चुनाव हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में दोनों ही राजनीतिक दल अपनी जनता के बीच पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने बीते दिन बूथ विस्तार योजना चलाई तो वहीं कांग्रेस घर घर संपर्क के लिए निकली उद्देश्य दोनों का अपना वोट बैंक बढ़ाना या फिर जमीन तैयार करना है। भाजपा ने जिले के 12 बूथों तक अपनी दस्तक देने का दावा किया है। सिर्फ दस्तक ही नहीं बल्कि वह यहां अपने कार्यकर्ताओं को पूरा डेटा भी एक एप के माध्यम से सहेज रही है। कांग्रेस जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर चुकी है। भाजपा 51 फीसदी वोट की दिशा में काम करते हुए आगे बढ़ रही है। और अगर वह अपने इस कार्य में सफल हो जाती है तो चुनाव में उसे पराजित कर पाना मुश्किल होगा, लेकिन यह एक चुनौती ही है। फिलहान कटनी जिले में 3 सीटों पर वह काबिज है इसके अलावा संसदीय क्षेत्र भी भाजपा के ही कब्जे में है। इसीलिए पार्टी अपनी इस उपस्थिति रही बरकरार रखने मशक्कत कर रही है। भाजपा में संगठनात्मक अभियान एक समाप्त होता है तो दूसरा शुरू हो जाता है। इसकी बानगी ही है कि अभी बूथ विस्तार अभियान चल रहा था जिसका काम भी पूरा नहीं हो सका कि आज से समर्पण निधि संग्रह अभियान शुरू हो गया। इस समर्पण निधि अभियान के तहत बूथ स्तर पर पंडित दीनदयान उपाध्याय को उनकी पुण्य तिथि पर याद किया जाएगा। इसके साथ ही अगले पांच दिनों तक पार्टी के लोगों को धन संग्रह का टारगेट दिया गया है। प्रत्येक पदाधिकारी जनप्रतिनिधि तथा पूर्व जनप्रतिनिधि इस टारगेट को पूरा करेंगे। जानकारी के मुताबिक कटनी जिले का इस बार करीब पांच करोड़ रूपये समर्पण निधि संग्रह का टारगेट दिया गया है। चूंकि यह जिला प्रदेश अध्यक्ष का संसदीय क्षेत्र है लिहाजा यहां कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अधिक तय की गई है। इस अभियान का प्रभारी जिले के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को बनाया गया है। जिन्होंने कल कार्यकर्ताओं की बैठक में स्पष्ट किया कि एक एक कार्यकर्ता समर्पण निधि अभियान का सहभागी बने तथा स्वयं अपना टारगेट फिक्स करे। इशारों ही इशारों में उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले तीन माह में निकाय चुनाव की दस्तक शुरू हो जाएगी लिहाजा जो भी चुनाव लड़ने का इच्छुक है वह तो और भी गंभीरता से समर्पण करे। कुल मिलाकर संगठनात्मक कार्यो में कटनी जिले में कांग्रेस संपर्क में जुटी है और भाजपा समर्पण में।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से

Badhaai DO
IN CINEMAS 11TH FEB

बधाई दो
कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्डा, हनी यादव आदि।

13 फरवरी तक कड़ाके की ठंड के आसार

कटनी। कटनी जिले में ठंड फिर से लौट आई है। कल दिन भर सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए ठिठुरते लोगों कसे आज शुक्रवाह को राहत मिली जब उन्हें खिली धूप नपे आनंदित किया लेकिन धूप के बावजूद अगले दो दिन ठंड से राह नहीं मिलेगी। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दो दिनों में पारा नीचे जाएगा। ठंडी हवाएं चलेंगी साथ कुछ जगह बादलों के डेरे के साथ मौसम का मिजाज बदलेगा। अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय दोनों वेदर सिस्टम आगे बढ़ गए हैं। हवाओं का रुख भी उत्तरी हो गया है। उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी हुई है। वहां से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में दिन और रात के तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 13 फरवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने की संभावना है। उसके प्रभाव से तापमान में फिर बढ़ोतरी होने लगेगी ।सर्द हवाओं के कारण गुरुवार को पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट होने के आसार हैं। उधर गुरुवार को कटनी का अधिकतम तापमान 23.7 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्रीसे. कम रहा। यह बुधवार के अधिकतम तापमान 27.5 डिग्रीसे. की तुलना में 3.8 डिग्रीसे. कम रहा।

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
खिलाड़ी
(हिन्दी में)
कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 11 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

जिले में थमी कोरोना संक्रमण की रफ्तार

पिछले 10 दिनों में जितने पॉजटिव केस आए, उससे कहीं ज्यादा ठीक हुए

यश भारत पड़ताल

कटनी। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कमजोर पड़ती नजर आ रही है। फरवरी के महीने में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 400 के नीचे है, जबकि जनवरी में एक सप्ताह में ही 400 से ज्यादा मरीज मिले थे। इसके अलावा पिछले 5 दिनों में आधा सैकड़ा से कम पॉजीटिव केस मिले हैं, इससे जहां स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है, वहीं लोगों में भी अब कोरोना संक्रमण के गंभीरता नहीं दिख रही। संक्रमण कम होने के बाद राज्य सरकार ने कई तरह की पाबंदियां हटा दी है। इससे शादियों के इस सीजन में बाजार में रौनक नजर आ रही।

स्वास्थ्य विभाग ने ली राहत की सांस, फिर भी ऐहतियात बरतने की सलाह

जनवरी के महीने में जब कोरोना संक्रमण ने रफ्तार पकड़ी थी, उस समय एक बार फिर शहर में चिंता का माहौल देखा जाने लगा था। पूरे देश के साथ ही शहर में भी बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित मरीज मिल रहे थे। हर दिन करीब आधा सैकड़ा से ज्यादा पॉजीटिव मिलने से स्वास्थ्य विभाग में भी चिंता देखी जा रही थी। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान भयानक त्रासदी झेल चुके शहर के लोग अब तीसरी लहर को लेकर परेशान नजर आ रहे थे। जनवरी के महीने में ही कुल संक्रमित मरीजों की संख्या एक हजार को पार कर गई थी। राहत की बात यह थी कि एक भी मरीज को हॉस्पिटलाइज्ड नहीं करना पड़ा था। जितने भी पॉजीटिव मरीज मिल रहे थे, उन्हें होम आईसोलेशन पर ही रखा गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पॉजीटिव व्यक्तियों में संक्रमण की मात्रा कम होने और साधारण सर्दी, बुखार होने के कारण घर पर ही क्वारंटाइन रहने के लिए कहा गया था। जनवरी का महीना बीतने के बाद फरवरी की शुरूआत में भी कोरोना संक्रमण कहर बनकर टूट रहा था लेकिन 5 दिन बीतने के बाद अब कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगता दिख रहा है। पूरे देश और प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में गिरावट देखने को मिल रही।

जनवरी में आफत तो फरवरी में मिली राहत

जनवरी के महीने में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ने के बाद हर तरफ चिंता का माहौल देखा जा रहा था। सरकार भी चौकन्नी हो गई थी और कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए हर स्तर पर प्रयास करने के निर्देश दिए गए थे। संक्रमण बढ़ा तो चालानी कार्यवाही भी शुरू हो गई। मास्क पहनने के साथ ही लोगों से सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने के लिए कहा जाने लगा। इसके बाद भी लोगों की बेपरवाही जारी रही। नतीजा जनवरी में कुछ ही दिनों में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या हजार को क्रॉस कर गई। दूसरी लहर के दौरान भयानक त्रासदी झेलने के बाद भी संभावित तीसरी लहर के दौरान प्रोटोकॉल का पालन करने से लोग परहेज करते रहे। यह तो अच्छी बात रही कि फरवरी का महीना शुरू होने के साथ ही पॉजीटिव केस में कमी आने लगी।

एक की मौत, हेल्थ बुलेटिन में दर्ज नहीं

कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के दौरान जिले में एक पॉजीटिव व्यक्ति की मौत की खबर सामने आई, लेकिन तीन दिन बाद भी सीएमएचओ के डेली हेल्थ बुलेटिन में मौत दर्ज नहीं की गई। जानकारी के मुताबिक 65 वर्षीय इस व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी और उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद कोविड प्रोटोकॉल के तहत पुरैनी स्थित कोविड मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार भी किया गया था। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला था। उस समय हर दिन एक दर्जन से अधिक मौतें कोरोना संक्रमण की वजह से हो रही थी। आलम यह था कि कोविड मुक्तिधाम पुरैनी में अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ रहा था। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग मौतों पर पर्दा डालता रहा। अब तीसरी लहर के दौरान एक व्यक्ति की मौत को छिपाने का प्रयास किया जा रहा।

पिछले 10 दिनों में जिले में मिले कोरोना मरीज

तारीख	पॉजीटिव	स्वस्थ
10 फरवरी	28	58
09 फरवरी	23	60
08 फरवरी	25	131
07 फरवरी	37	73
06 फरवरी	36	159
05 फरवरी	81	37
04 फरवरी	58	51
03 फरवरी	60	56
02 फरवरी	131	39
01 फरवरी	00	81
कुल योग	479	745

इनका कहना है

कोरोना संक्रमण की रफ्तार में कुछ कमी आई है। पॉजीटिव केस का ग्राफ नीचे आया है। पिछले पांच दिनों में औसतन 30 केस मिले हैं। इससे राहत मिली है। जनवरी के मुकाबले फरवरी में संक्रमण की दर कम हुई है। इससे विभाग ने भी राहत की सांस ली है। संक्रमण में भले ही कमी आई हो लेकिन ऐहतियात बरतने की जरूरत है।

-डॉ. पी के मुढ़िया,
सीएमएचओ

आदर्श निगम बने चार्टेड अकाउंटेंट

कटनी। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अककॉउंट ऑफ इंडिया आईसीएआई द्वारा सीए फाइनल एग्जाम के परिणाम घोषित किए गए।

परीक्षा परिणामों में नगर के प्रतिष्ठित निगम परिवार के होनहार आदर्श निगम ने फर्स्ट एटेम्पट में सभी विषयों पर विशेष योग्यता हांसिल कर उक्त परीक्षा सीए एग्जाम में सफलतापूर्वक चयनित होकर चार्टर्ड अककॉउंट बनकर नगर का गौरव बढ़ाया है। सीए आदर्श निगम नगर के प्रतिष्ठित उद्योग सलाहकार बी एल निगम के सुपौत्र तथा ऑर्डिनेंस फेक्ट्री लेखा विभाग के सेवानिवृत्त सीनियर ऑडिटर विपिन निगम व शासकीय कन्या महाविद्यालय की सेवानिवृत्त ग्रंथपाल श्रीमती संध्या निगम के सुपुत्र एवं नगर के लोकप्रिय सीनियर एडवोकेट, साहित्यकार रमाकान्त निगम, एडवोकेट व्यंग्यकार विजय निगम, प्रोफेसर रितेश निगम के भतीजे हैं। आदर्श निगम की इस उपलब्धि पर परिवारजनों सहित वित्तीय सलाहकारों सहित इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं बधाई प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया है।

रामनिवास सिंह वार्ड में गंदे व मटमैले पानी की आपूर्ति

बीमार हो रहे नागरिक, नल खोलने और बन्द करने का समय भी निर्धारित नहीं

कटनी। नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रामनिवास सिंह वार्ड में पिछले दो तीन महीने से गंदा व मटमैले पानी की सप्लाई की जा रही है। ठंड के मौसम में जब यह हाल है तो आने वाले गर्मी के मौसम में क्या होगा, इसको लेकर वार्ड के लोगों में अभी से चिंता देखी जा रही है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नल सुपरवाईजर महेन्द्र उपाध्याय से पेयजल आपूर्ति को लेकर शिकायत करने पर उनके द्वारा कहा जाता है कि नल विभाग में कर्मचारियों का अभाव है। जब विभाग से कर्मचारी मिलेगें, तभी सप्लाई लाईन को चैक कर सुधार किया जाएगा। एक तरफ जहां नगर निगम की कचरा गाड़ी के माध्यम से लोगो को नसीहत दी जाती है कि गंदगी न फैलाएं। घर से निकलने वाले कचरे को डस्टविन में रखें और कचरा गाड़ी आने पर उसमें डाले। कोरोना जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों को सुरक्षित बचाना और स्वस्थ्य भारत स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाते हुए कटनी नगर को स्वच्छता के मामले में नम्बर एक के पायदान पर लाना है तो वहीं दूसरी तरफ रामनिवास सिंह वार्ड में अशुद्ध पेयजल की सप्लाई कर लोगों को बीमार बनाया जा रहा है। उक्त सम्बंध में क्षेत्रीय नागरिकों, महिलाओं द्वारा कई बार लिखित व मौखिक रूप से निगम के जल आपूर्ति विभाग में की जा चुकी है। यहां तक कि क्षेत्रीय नल सुपरवाईजर महेन्द्र उपाध्याय से भी कई बार शिकायत की गई, हर बार उनका दो टूक जवाब होता है कि गंदे पानी की सप्लाई हो रही है तो हम क्या करें। हमारे पास कर्मचारी ही नहीं है। विभाग से जब हमें कर्मचारी मिलेगें, तभी सप्लाई लाईन चैक करा पायेगें। क्षेत्र के रहवासी भूरा बर्मन ने कहा है कि पिछले दो-तीन माह से घर में गंदा मटमैला व अशुद्ध पानी आ रहा है। कपड़े से छानकर भरते है, फिर भी मटमैला पानी निकलता है। अशुद्ध पानी पीने और खाना पकाने हेतु उपयोग करने से आये दिन कोई न कोई सदस्य बीमार बना रहता है। रामचंद्र ने बतलाया कि पिछले दो-तीन माह से गंदा पानी पी रहे हैं। शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे। मो सरताज, अमीना बी, शोभा बाई जाटव, लक्ष्मी बाई ने बतलाया कि पेयजल आपूर्ति का घर में दूसरा कोई साधन नहीं है। नगर निगम द्वारा लिए गए नल कनेक्शन से ही पानी का साधन है। उसमें भी पिछले दो तीन माह से गंदा और मटमैला पानी आ रहा है। क्षेत्र के ही फिरोज, शहजादे, मनीष, जाफर, राजू, राधा बाई, गुड्डीबाई, मुन्नी बाई, राजेन्द्र कुमार, विष्णु बिल्लू, किरन चौधरी, अमृतलाल चौधरी ने बतलाया कि क्षेत्र में पेयजल सप्लाई करने का कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। जब मर्जी हो नल खोल दिया जाता है, वह भी मात्र 35 से 40 मिनट तक ही सप्लाई की जाती है। पिछले दो तीन महीने से अशुद्ध पीने का पानी आ रहा है। गंदा व मटमैला पानी पीने से घर परिवार में बीमारी का अंदेशा बना रहता है। वार्ड वासियों ने निगमायुक्त का ध्यान आकर्षित कराते हुए पेयजल सप्लाई करने का समय निर्धारित करने और गंदे पानी की सप्लाई बंद करने तथा शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

हितग्राहियों को नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ

कटनी। पार्षद राजेश जाटव ने आरोप लगया है कि पीएम आवास योजना का लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। नगर निगम द्वारा कर निर्धारण बंद किए जाने से हितग्राही परेशान हो रहे। कलेक्टर की सहमति से कर का निर्धारण बंद किया गया है। यदि यह नहीं सुधार हुआ तो हितग्राही जल्द बड़ा आंदोलन करेंगे। ऐसे लोगों को पूर्व में पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया था। अब अचानक धारक की शासकीय भूमि पर 200 वर्ष पुरानी जमीन पर रहने वाली चौथी पीढ़ी के लोगों की टेक्स रसीदे भी नहीं काट रहे। जिससे हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा, जिससे पूरे 45 वार्ड के हितग्राही भटक रहे हैं। उनको रहने के लिए छत नहीं है, जबकि मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार को जारी पत्र नगरीय क्षेत्रों की शासकीय भूमि के धारकों के धारणाधिकार के सम्बंध में था लेकिन आज तक गरीब मलिन बस्तियों में किसी भी प्रकार से जमीनों का पट्टा जारी नहीं किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखा गया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। माफियाओं से मिलकर सरकारी जमीन के पट्टे उद्योगपतियों को दे दिए गए। जलाशय में पेट्रोल बना दिये गए।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

आम सूचना

सूचित किया जाता है कि गाड़ी क्रं. MP21CA5677 बुलेरो चेचिस क्रं. F5k25970 और MP21DAO 318 JCB/3D x2WD चेचिस क्रं. HAR3DXSST01897054 है। ये गाड़ी बुलेरो और JCB वर्तमान में नाम स्व. रामकुंवर गुप्ता [LT. RAM KUNWAR GUPTA] के नाम पर RTO कार्यालय कटनी में रजिस्टर्ड है। जिनको अब उनके स्वर्गवासी हो जाने के कारण अब उनके पुत्र धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता पिता स्व. राजाराम गुप्ता के नाम किया जाना है। जिनका पता बाल गंगाधर तिलक वार्ड नं. 1 होटल राजपैलेस गहोई कॉलोनी नं. 1 के पास कटनी (म.प्र.) है। किसी भी व्यक्ति या परिजनों को आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कटनी (RTO) ऑफिस में आकर के संपर्क करें नहीं तो एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
कटनी (म.प्र.)

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कटनी

क्र/निविदा/2022/544 — कटनी, दिनॉक 13/02/2022

::निविदा आमंत्रण सूचना::

जिला चिकित्सालय कटनी मे 01. एन.एच.एम मद से लगने वाले मोबिलटी/कॉल वाहन हेतु। 02 मरीजो के परिजनो के लिये कैंटीन हेतु। 03 मरीजो को प्रदाय होने वाले भोजन के लिय भोजन सामग्री हेतु। 04. चिकित्सालय से निकलने वाले स्क्रेप/कबाड के विक्रय हेतु। 05 जिला चिकित्सालय कटनी के कम्प्यूटर उपकरण एवं प्रिंटरो की रिफलिंग हेतु। 06. जिला चिकित्सालय कटनी मे लगे ए.सी रिपेयरिंग हेतु नीचे दर्शाये अनुसार निविदाये आमंत्रित की जाती है–

01 निविदा फार्म दिनॉक 09.02.2022 से 21.02.2022 तक कार्यालयीन समय में रु.1000.00 अकन एक हजार रुपये जमा कर प्राप्त किये जा सकेंगे।

02 निविदा निर्धारित प्रपत्र में भर कर दिनॉक 23.02.2022 को दोपहर 12.00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय में स्वीकार की जावेगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई निविदा स्वीकार नहीं होगी।

03 निविदा दिनॉक 23.02.2022 को दोपहर 03:00 बजे निविदा समिति के पदाधिकारियो एवं निविदाकारो के समक्ष सिविल सर्जन कार्यालय में खोली जावेगी।

टीप- निविदा से संबंधित शर्तें एवं विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं।

G-22451/22

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय कटनी

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,
सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501

दूरभाष नंबर:- 07622-401753 — ई-मेल आई.डी. dpepiukatni@gmail.com

एन.आई.टी. नंबर- 04/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ — दिनांक:- 01/02/2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारो अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

निविदा आमंत्रण सूचना

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि ;पीएसी) (रू. लाख में)	अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड आनलाईन प्राप्त की जावेगी।
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	2022 PWPIU_183188_1	जिला कटनी के पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कार्यशाला का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	कटनी	129.23	129400.00	12500.00	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत	12 माह वर्षाकाल सहित	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू.साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.)

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 04/02/2022 (समय शाम 6:00) से दिनांक 18/02/2022 तक (समय शाम 6:00) तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 18/02/2022 को सांयकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. कटनी (म.प्र.)

जी.-22454/21 — दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail-cepwdkatni@mp.nic.in — Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमाक 06/व.ले.लि./2021-22/ — कटनी, दिनाक 03/02/2022

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीयकत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रमुख अभियता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनाक 01/12/2020 एव समस्त सशोधन सहित (भवन) एव दिनाक 06/06/2016 तथा दिनाक 29/08/2017 (सड़क) कार्य हेतु निविदाये आनलाईन Appendix 2.10 निविदा मे आमत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदाये सम्बन्धित कार्यालय मे टेण्डर टाईम शेड्यूल के अनुसार खोली जावेगी।

क्र.	टेण्डर आई.डी. कमाक	जिला	एस.ओ.आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमत्रण क्र.	अनुमानित लागत राशि (रू. लाख मे)	कार्य की अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2022_PWDRB_182839_1	कटनी	29/08/17	सड़क कार्य	विहरिया खदवारा मार्ग लबाई 1.80 कि.मी. मे शेष कार्य (अनुबन्ध कमाक 39/डी.एल/2020-21 श्रीमती अनीता सिह ठेकेदार के हर्जे-खर्चे पर)	प्रथम	36.23	0.50000	5000.00	04 माह वर्षा ऋतु रहित
2	2022_PWDRB_182840_1	कटनी	06/06/16	सड़क कार्य	परफारमेस गारटी के अन्तर्गत पहरूआ से पुल पहुँच मार्ग लबाई 1.70 कि.मी. मे मरम्मत कार्य ठेकेदार के हर्जे खर्चे पर (अनुबन्ध कमाक 42/डी.एल/2016-17)	प्रथम	8.98	0.17960	2000.00	03 माह वर्षा ऋतु रहित
3	2022_PWDRB_182841_1	कटनी	29/08/17	सड़क कार्य	परफारमेस गारटी के अन्तर्गत पिपरौध निवार देवरीहटाई कैमोर मार्ग (बरेहटा विजयराघवगढ़) लंबाई 6.60 कि.मी. मे मरम्मत कार्य ठेकेदार के हर्जे खर्चे पर (अनुबन्ध कमाक 03/डी.एल/2018-19)	प्रथम	5.29	0.10580	2000.00	02 माह वर्षा ऋतु रहित
4	2022_PWDRB_182842_1	कटनी	29/08/17	सड़क कार्य	परफारमेस गारटी के अन्तर्गत सकगीरढ़ से भदौरा मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. मे मरम्मत कार्य ठेकेदार मेसर्स फेस एशोसिएट्स के हर्जे खर्चे पर (अनुबन्ध कमाक 43/डी.एल/2017-18)	प्रथम	4.38	0.08760	2000.00	02 माह वर्षा ऋतु रहित
5	2022_PWDRB_182843_1	कटनी	29/08/17	सड़क कार्य	परफारमेस गारटी के अन्तर्गत संसारपुर मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. मे मरम्मत कार्य ठेकेदार के हर्जे खर्चे पर (अनुबन्ध कमाक 49/डी.एल/2017-18)	प्रथम	3.66	0.07320	2000.00	02 माह वर्षा ऋतु रहित
6	2022_PWDRB_182900_1	कटनी	29/08/17	सड़क कार्य	परफारमेस गारटी के अन्तर्गत बसाड़ी मार्ग लंबाई 1.80 कि.मी. मे मरम्मत कार्य ठेकेदार के हर्जे खर्चे पर (अनुबन्ध कमाक 27/डी.एल/2018-19)	प्रथम	6.91	0.13820	2000.00	02 माह वर्षा ऋतु रहित
					योग	65.45				

निविदा की कुल अनुमानित राशि रूपये 65.45 लाख (पैसठ लाख पैतालिस हजार मात्र)

उपरोक्त वेवसाईट मे आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अतिम तिथि 22/02/2022 साय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एव अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एव अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रो मे प्रकाशन नही किया जायेगा।

(कार्यपालन यंत्री)
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी

G-22474/21 — दो गज की दूरी, मास्क ही जरूरी।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक

डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक
(रविवार अवकाश)

डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस,
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक

सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)

पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने,
कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

घर चलो, घर-घर चलो अभियान में जनता का मिला रहा व्यापक समर्थन

कटनी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में घर चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत जगन्नाथ चौक से आज़ाद वार्ड में भ्रमण कर सदस्यता अभियान चलाया गया। जनसंपर्क के उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिथलेश जैन ने कहा पूरे शहर में कांग्रेस के कार्यकर्ता इस अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन, करण सिंह चौहान, गिरधारी लाल स्वर्णकार, राकेश जैन, जालिम यादव, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, मोसूफ अहमद, ब्लॉक अध्य्क्ष रमेश सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, राजकिशोर यादव, गिरीश गर्ग, देवीदीन गुप्ता, जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशा मिश्रा, हेमा शर्मा, शोभा मंगलानी, राहुल पटेरिया, युवा कांग्रेस के रौनक खंडेलवाल, कपिल रजक, जगदीश विनोद देंगरे, दीपक केशरवानी, नीरज रोहरा, ईश्वर बेहरानी, अहमद कुरैशी, सूचना अधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष पार्थ समाधिया, गगन तिवारी, विपिन गुप्ता एरमेश प्यासी, रमेश नामदेव कमलेश सेन, साहिल पटेरिया, सोनू पटेरिया, रिंकू, अभिजीत गुप्ता, नगर सिंह, रजनी नायक, मुकेश बर्मन, रामपाल पटेल, सोमिल पटेरिया, अमित, जैकी पटेरिया, अमन रजक, रजत यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

सुभाष चौक में लगा शिविर, निगम कोष में जमा हुए 3.88 लाख रूपये

कटनी। वित्तीय वर्ष 2021 –22 की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों को सुविधा प्रदान करते हुए निगम के बकाया करों के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ती के प्रयास अनवरत जारी है। जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना वार्डवार शिविरों का आयोजन कर नागरिकों को उनके वार्ड में पहुंचकर निगम के बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की राशि को आसानी से जमा करनें की सुविधा ही प्रदान की जा रही है। प्रभारी अधिकारी राजस्व, जागेश्वर पाठक नें बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आज प्रात: बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित सुभाष चौक में आयोजित शिविर के दौरान निगम के राजस्व विभाग के उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा वार्ड के नागरिकों से संपर्क करते हुए बकाया करों की जानकारी प्रदान कर वार्ड में ही आयोजित शिविर का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई। आयोजित शिविर के दौरान आगंतुक करदाताओं के माध्यम से संपत्तिकर की 70 रसीद काटी जाकर 359136 रूपये तथा जलकर की 16 रसीद काटी जाकर 29116 रूपये बकाया करों के रूप में कुल 388252 रूपये निगम कोष में जमा किये गए।

स्व-सहायता समूहों को बैकों के माध्यम से दिलाए गए ऋण

प्रदेश स्तरीय महिला स्व सहायता समूह क्रेडिट लिकेंज कार्यक्रम का किया गया सीधा प्रसारण

कटनी। प्रदेश सरकार मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। इसी के अंतर्गत मंगलवार को प्रदेश स्तरीय महिला स्वसहायता समूह क्रेडिट लिकेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन अंतर्गत गठित स्वसहायता समूह से जुड़े लगभग 300 सदस्यों से मुख्यमंत्री ने कुशाभाउ ठाकरे सभागार, भोपाल में संवाद किया, जिसका सीधा प्रसारण विभिन्न माध्यमों से ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक किया गया। जिसमें आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम संगठन व स्वससहायता समूह सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों, प्रयासों, गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हुई समूह से जुड़ी सदस्यों ने अपने संघर्ष व उपलब्धियों को लेकर अपने अनुभव साझा किए। जिले में कलेक्ट्रेट एनआईसी में अग्रणी बैंक प्रबंधक उदम बानरा, जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड कटनी से पार्वती स्वतसहायता समूह करैहया को तीन लाख बीस हजार, मां लक्ष्मी पिपरहटा को एक लाख पचास हजार, जय भोलेनाथ करैहया को दो लाख अस्सी हजार रूपये का ऋण वितरण एचडीएफसी बैंक द्वारा कराया गया। इसके अलावा जिले की सभी ग्राम पंचायतों, जनपद केन्द्रों, संकुल स्तरीय संगठन कार्यालय, ग्राम संगठन कार्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन कर सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिला मुख्यालय में भी आयोजित कार्यक्रम में आजीविका मिशन के अधिकारी मौजूद थे।

पात्रता रखने वाले सभी हितग्राहियों को करें विभागीय योजनाओं से लाभांवित

अपूर्ण मार्ग की जांच कर प्रस्तुत करें प्रतिवेदन, जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

कटनी। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत की प्रधान ममता पटेल, प्रशासकीय समिति एवं सदस्य जिला पंचायत आशोक विश्वकर्मा, अयज गोंटिया, पूजा देवी सिंह, डॉ. ए.के. खान, जनपद पंचायत की प्रधान रोशनी सिंह के साथ ही जिला पंचायत से परियोजना अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह मौजूद रहे। सामान्य सभा की बैठक के संबंध में पूर्व की बैठक का पालन प्रतिवेदन, पी.आई.यू. विभाग के अंतर्गत 2019-20 एवं 2020-21 के निर्माण कार्य, गेहूं उपार्जन की वर्ष 2019-20 एवं 2020 -21 की समीक्षा, विद्युत विभाग के अंतर्गत कराये जा रहे कार्य, जिला व्यापार उद्योग के 2019-20 एवं 2020-21 में प्राप्त लक्ष्यों एवं स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की गई।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 की समीक्षा, लोक निर्माण विभाग कटनी अंतर्गत वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के स्वीकृत व पूर्ण प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यो की समीक्षा, नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अतंर्गत 2019-20 एवं 2020-21 के कार्यो की समीक्षा, 14वें एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 2019-20 एवं 2020-21 में प्राप्त राशि के विरूद्ध स्वीकृत कार्यो की समीक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षा एवं अन्य बिंदु प्रधान, प्रशासकीय समिति की अनुमति से जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

उद्यानिकी विभाग की चर्चा के दौरान प्रधान प्रशासकीय समिति जिला पंचायत कटनी द्वारा निर्देशित किया गया कि, विभाग में पात्रता वाले समस्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये। बैठक में सदस्य अशोक विश्वकर्मा द्वारा कहा गया कि ग्राम केवलारी, बिछिया से कटनी तथा जरवाही-धवैई रोड आज भी अपूर्ण है जिसकी मौके पर जांच कर वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन दिया जाये। अजय गोंटिया द्वारा कहा गया कि स्लीमनाबाद क्षेत्र अंतर्गत किसानों को बिजली उपलब्ध कराने हेतु बिगडे हुये ट्रांसफार्मर को सुधार कराने की कार्यवाही की जाये। डॉ. ए.के. खान द्वारा ग्राम बिलहरी में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की समस्या का समाधान किया जाये। पूजा देवी सिंह द्वारा कहा गया कि, ग्राम झिन्रा पिपरिया, बिचुआ, कोकोडबरा मे जल जीवन मिशन के कार्यो का ई.ई. पीएचई निरीक्षण करें एवं कार्य पूर्ण करायें। जनपद पंचायत रीठी की प्रधान रोशनी सिंह द्वारा कहा गया कि ग्राम हरद्वारा के 4 बिगडे हेडपंप का सुधार यथा शीध्र कराया जाये। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा भी अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं अन्य बिन्दुओं को रखा गया। सदस्यों द्वारा बैठक में रखे गये सभी बिन्दुओं पर यथा शीघ्र समय सीमा में निराकरण कराये जाने सभापति ममता पटेल द्वारा निर्देशित किया गया।

बूथ विस्तारक योजना में प्रत्येक कार्यकर्ताओं की सहभागिता

जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों की बैठक

कटनी। बूथ विस्तार योजना में जिले के सभी मण्डलों में 90 प्रतिशत तक पूर्ण किया जा चुका है। जिला भाजपा कार्यालय में बूथ विस्तारक एप विस्तारक मण्डल अध्यक्षगणों, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, मोर्चा प्रकोष्ठ सहित सभी जिला पदाधिकारियों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया गया। संगठन विस्तार की यह प्रक्रिया प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की मंशानुरूप विस्तरित ढंग से की गई।

जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी के अहम कार्यक्रम समर्पण निधि संग्रह कार्य मे जुटने का आव्हान किया गया। समर्पण निधि संग्रह अभियान के जिला प्रभारी सुनील उपाध्याय ने कहा कि पार्टी के प्रति समर्पण की भावना के साथ इस अभियान को मण्डल स्तर पर प्रारम्भ करना है। बूथ विस्तार योजना की तरह कटनी जिले के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को भी पूर्ण मनोयोग से पूर्ण कर लक्ष्य को हासिल करेंगे।

बूथ विस्तार योजना के जिला प्रभारी चेतन हिंदूजा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बचे हुए कुछ बूथों में विस्तार के इस कार्य को पूर्ण करने का विश्वास जताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री चेतन हिंदुजा, जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, दीपक सोनी, जिला मंत्री किरण जैन, अंकिता तिवारी, शिवम शर्मा, कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंघानिया, मीडिया प्रभारी अशुतोष शुक्ला, अर्पित अग्रवाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, सोशल मीडिया जिला संयोजक सचिन तिवारी, रविन्द्र मिश्रा, मंडल अध्यक्षगण संदीप दुबे, मनीष दुबे, मनीष देव मिश्रा, केशव यादव, प्रमोद सोनी, अंकुर ग्रोवर, इंद्रकुमार पटेल, बलराम यादव, मनोज तिवारी, लवकुश कोल आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने किया प्रेरित, योजनाओं की दी जानकारी

बड़वारा में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना जागरूकता शिविर का आयोजन

कटनी। सरकार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लगातार योजनाएं चला रही है। केन्द्र सरकार द्वारा जहां प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना से युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने प्रेरित किया जा रहा है तो वहीं प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से स्वरोजगार प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत के तहत मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से युवाओं को जोड़ने विकासखंड स्तर पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को बड़वारा विकासखंड स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़वारा विधायक विजयराघवेन्द्र सिंह, महाप्रबंधक जिला व्यापार व उद्योग अजय श्रीवास्तव, सीईओ जनपद पंचायत सुरेन्द्र तिवारी मौजूद थे। शिविर प्रभारी सहायक प्रबंधक संतोष शिवहरे ने शिविर में उपस्थित युवाओं को नवीन मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्वयं का उद्योग, सेवा व्यवसाय स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ब्याज अनुदान पर ऋ़ण प्रदान करने सहित अन्य जानकारी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अलावा युवाओं को प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत स्वरोजगार स्थापित करने दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में भी अधिकारियों ने बताया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक श्री सिंह, महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने भी युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनपद स्तरीय अधिकारी व युवा मौजूद थे।

गंदगी फैलाने वालों को दी समझाइश, जुर्माना भी ठोंका

कटनी। नगर पालिक निगम द्वारा कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा के तथा निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में स्वच्छता संकल्प माह आयोजित किया जाकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु रोजाना विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों बाजार स्थलों, सार्वजनिक मार्गो, नाले नालियों, डस्टबिन, लिटर बिन, डिवाईडर की रोजाना सफाई के साथ ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाकर गंदगी फैलानें वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही भी की जा रही है। प्रभारी

फारेस्टर वार्ड को स्वच्छ बनाने पहुंचे स्वच्छता दूत

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु रोजना एक वार्ड को चिन्हित किया जाकर स्वच्छता मित्रों की सामूहिक टीम के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत फारेस्टर वार्ड में सफाई अभियान चलाया जाकर वार्ड के विभिन्न स्थलों सुदर्शन बाल मंदिर के पास, भरत चौक मुख्य मार्ग, ज्ञान विद्या मंदिर, रंगनाथ मंदिर के सामनें, हरिजन बस्ती, काली माता मंदिर के पास, सदन पहलवान के घर के पास तथा खेर माता मंदिर के पास नालियों के अपशिष्ट की सफाई के साथ ही सार्वजनिक मार्गो की सफाई का कार्य कराया गया।

दो पालियों में सफाई व्यवस्था सुचारू रखने प्रयास

सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से बस स्टेण्ड परिसर सहित नदीपार मुख्य मार्गो सहित अन्य स्थलों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। प्रात:कालीन दो पालियों की दैनिक सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो, तिराहों, चौराहों की सफाई के कार्य सहित भट्टा मोहल्ला, उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो, सब्जी मंडी कुठला मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, माधवनगर मार्ग एवं झिंझरी मुख्य मार्ग के डिवाइडरों की सफाई, गाटर घाट सुलभ काम्पलेक्स के आसपास, आजाद चौक से शेर चौक मुख्य मार्ग सहित सन्मुखदास गली के भवन से जले हुए कचरे के उठाव का कार्य सहित अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण के साथ ही नगर के विभिन्न कचरा प्वाइंटों की सफाई की जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए। सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई व्यवस्था एवं सुगम पानी की निकासी हेतु राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित लढिया जी की गली में नालियों की सफाई, महात्मा गांधी वार्ड स्थित हल्दीराम गली में झाडू एवं नालियों की सफाई, राधास्वामी भवन के आसपास की नालियों, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित आई.एच.एस.डी.पी. आवास योजना बस्ती की नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर पानी की सुगम निकासी के प्रयास कये गए।

जनसुनवाई में दिए आवेदन पर कलेक्टर ने दिलवाई मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

दिव्यांग सुशील को अब नहीं लेना होगा किसी का सहारा

कटनी। दिव्यांग सुशील यादव को अब अपने काम करने के लिए किसी पर आश्रित नहीं होना होगा। सुशील खुद से अपने कार्यों के लिए कहीं भी आ सकेंगे और पारिवारिक दायित्वों को भी पूरा कर सकेंगे। दरअसल सुशील यादव पिता विष्णु यादव निवासी बम्हनी ढीमरखेड़ा ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के समक्ष मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान करने आवेदन दिया था। आवेदन पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सामाजिक न्याय विभाग को निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए थे। जिसपर प्रभारी अधिकारी सामाजिक न्याय विभाग व डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दिव्यांग सुशील यादव को मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की।

राजस्थान, इंदौर तक महक रहे संतोष के गुलाब

नौकरी छोड़कर उद्यानिकी विभाग की मदद से शुरू की फूलों की खेती

कटनी। राज्य सरकार आज युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिये हर संभव मदद कर रही है। इसके अलावा खेती किसानी से जुड़े कृषकों को भी विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है और वे इनका लाभ लेकर आर्थिक रुप से सक्षम भी बन रहे हैं। इन्ही कृषकों में शामिल हैं कटनी निवासी संतोष शुक्ला। जिन्होने उद्यानिकी विभाग द्वारा फूलों की खेती के लिये पॉली हाउस का निर्माण कराया और उसमें टच गुलाब की खेती प्रारंभ की। इस कार्य को उन्होने युवाओं के लिये बेहतर व्यवसाय बताते हुये कहा है कि आगमी समय में इस क्षेत्र में बहुत संभावनायें हैं। आज श्री शुक्ला अपने पॉली हाउस से लगभ 2 से 2 लाख 50 हजार रुपये की मासिक आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उद्यानिकी कृषक श्री शुक्ला बताते हैं कि एमबीए करने के बाद एसीसी फैक्ट्री में अच्छे ओहदे में थे। जिल के स्लीमनाबाद के पास नर्मदा नहर का काम प्रारंभ हुआ, तो उन्होंने एसीसी की जॉब छोड़कर टनल निर्माण एजेंसी के साथ काम करना प्रारंभ कर दिया। अचानक खेती की ओर रूझान बढ़ा तो खजुरी बड़खेरा में अपनी जमीन पर खेती करना शुरू कर दिया।

इस बीच उनका उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से संपर्क हुआ और भूमि पर पॉली हाउस का निर्माण करते हुए कृषक ने गुलाब के फूलों की खेती प्रारंभ कर दी। वर्तमान में उनके गुलाब की महक न सिर्फ कटनी बल्कि इंदौर व राजस्थान की मंडी तक फैली हुई है। गुलाब की खेती से शासन की योजना का लाभ लेते हुए कृषक अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं। कृषक संतोष शुक्ला की पत्नी कामना शुक्ला के नाम पर उद्यानिकी विभाग ने दो वर्ष पूर्व पॉली हाउस निर्माण का प्रकरण विभाग की योजना के तहत स्वीकृत किया था। जिसमें उन्होंने खजुरी गांव में अपने खेत में एक एकड़ भूमि पर पॉली हाउस का निर्माण 33 लाख 76 हजार रूपये की लागत से कराया। प्रदेश सरकार कृषकों को योजनाओं का लाभ देते हुए आधुनिक खेती से जोड़ने का लगातार प्रयास कर रही है और इसी के तहत उद्यानिकी विभाग की योजना का लाभ देते हुए कृषक को पॉली हाउस निर्माण में शासन की ओर से 16 लाख 88 हजार रूपये का अनुदान प्रदान किया गया।

जल्द ही कराना चाहते हैं एक और पॉली हाउस का निर्माण

कृषक शुक्ला ने बताया उनके पॉली हाउस में उगने वाले गुलाब को वे कटनी मंडी के साथ ही इंदौर व राजस्थान भेजते हैं, जहां पर उनके गुलाब की अच्छी खासी डिमांड है। कृषक का कहना है कि उद्यानिकी विभाग की योजना का लाभ लेते हुए उन्होंने पॉली हाउस बनवाकर जो खेती प्रारंभ की थी, उसमें मुनाफा को देखते हुए वे जल्द ही एक ओर पॉली हाउस का निर्माण कराना चाह रहे हैं ताकि उनका मुनाफा और बढ़ सके।

बड़े नाले से कचरा निकालकर कवर्ड करने के निर्देश

कटायेघाट मोड़ से सुरम्य पार्क तक दुगाड़ी नाले की हुई विशेष सफाई

कटनी। शहर की सफाई व्यवस्था को देखते हुए इंड्रस्ट्रियल एरिया में कटाये घाट मोड से सुरम्य पार्क की ओर दुगाड़ी नाला तक चलाये जा रहे बड़े नाले की सफाई अभियान कार्य का निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा उपयंत्री संजय मिश्रा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नालों से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुसार मशीनों एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से नालों की तल्ली से अपशिष्ट की सफाई कराने तथा नाले के आसपास लगे खरपतवार की कटाई कराये जाने तथा नालों को कवर्ड करानें का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश भी प्रदान किये गए। नाले नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के अन्य बड़े नालों में भी इसी तरह से अभियान लगाकर सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया।

गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा हो नाले का निर्माण

वर्षा काल के दौरान बरगवां कटायेघाट मोड मुख्य मार्ग में नाले से पानी की सुगम निकासी न होने के कारण होने वाली पानी भराव की समस्या के निदान हेतु कराये जा रहे नाला निर्माण कार्य का निगमायुक्त धाकरे द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाले से मिलने वाले पानी के विभिन्न स्थलों की जानकारी से अवगत होकर स्थल पर कराये जा रहे कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करानें तथा चल रहे निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही यातायात की सुगम व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये गए।

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
कटनी, शुक्रवार 11 फरवरी 2022
यश भारत
फोन- 230033

चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

अलग-अलग थाना क्षेत्र की कई वारदातों का हुआ खुलासा, सवा तीन लाख रूपए कीमती सोने-चांदी के जेवर बरामद

कटनी। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को पकड़ कर पुलिस ने न केवल कई चोरियों का खुलासा किया है बल्कि बदमाशों के कब्जे से लाखों का सामान भी बरामद किया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में जिले में घटित चोरी की वारदातों को रोकने के लिये तथा चोरों की पतासाजी के लिए कोतवाली प्रभारी कोतवाली अजय बहादुर सिंह एवं बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। गठित टीम को बीते दिनों रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मझगवां तिराहा के पास तीन अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घरों की रैकी करते हुये घूम रहे हैं। सूचना की तस्दीक करने पहुंची पुलिस टीम को बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम बसाड़ी निवासी संतोष बर्मन पिता जगदीश बर्मन, कुठला बस्ती निवासी सचिन बर्मन पिता सुखदेव बर्मन व आधारकाप क्षेत्र निवासी संदीप निषाद उर्फ गोलू उर्फ बोतल पिता जालंधर निषाद संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते मिल गए। जिन्हे हिरासत में लेकर पुलिस टीम थाने पहुंची और फिर तीनों से पूछताछ की गई।

इन चोरियों का हुआ खुलासा

पुलिस की पूछताछ में तीनों आरोपियों ने बताया कि 22 जनवरी 2022 को बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम लखाखेरा में राजेश महोबिया के सूने घर में ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर एक सोने का हार, एक अंगूठी एवं एक चांदी की करधन कुल कीमती करीब एक लाख रूपये का मशरूका बरामद किया गया। इसी प्रकार उक्त आरोपियो द्वारा कोतवाली के अपराध क्रमांक 90/2022 धारा 457, 380 भादवि चोरी किये गये सोने-चांदी के जेबरात कीमती करीब एक लाख पच्चीस हजार रूपये एवं थाना रीठी के अपराध क्रमांक 22/2022, 23/2022 धारा 457, 380 के मामलों में चोरी किये गये सोने चांदी के जेवरात कीमती करीब एक लाख रूपये के बरामद किये गये। उक्त आरोपियों के कब्जे से ग्रहभेदन की चार वारदातों का खुलासा करते हुये कुल मशरूका करीब तीन लाख पच्चीस हजार रुपये का बरामद किया गया।

इनकी रही भूमिका

चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, खिरहनी चौकी प्रभारी अनिल काकड़े, सलैया चौकी प्रभारी गणेश शुक्ला, सायबर सैल आरक्षक सत्येन्द्र, प्रशांत विश्वकर्मा यादव, कोतवाली कटनी से उपनिरीक्षक रामचंद्र शुक्ला, सउनि कप्तान सिंह, विजय शंकर गिरी, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र तिवारी, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, वीरेन्द्र सिंह, आरक्षक अजय प्रताप सिंह, पलाश दुबे, उपेन्द्र सिंह, नगर सैनिक सै श्रवण मिश्रा, थाना बड़वारा से उनि के के सिंह, उनि अनिल कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक रघुबीर सिंह, आरक्षक नंदकिशोर पटेल, राजकुमार, अभय यादव की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरी टीम को पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है।

कार्यकर्ताओं के समर्पण से चलती है भाजपा-संजय

भाजपा कार्यालय में समर्पण निधि संग्रह अभियान को लेकर ली बैठक

कटनी। भारतीय जनता पार्टी ही वह राजनीति दल है जो प्रत्येक दायित्व में कार्यकर्ताओं के समर्पण से चलता है। पार्टी का धन संग्रह कार्यकर्ताओं तथा के समर्पण से होता है यह भाजपा के संस्कार हैं वहीं कांग्रेस का धन संग्रह घोटालों से होता है। यही अंतर कांग्रेस और भाजपा में है। यह विचार आज भाजपा जिला कार्यालय में समर्पण निधि को लेकर आवश्यक बैठक को संबोधित करते हुए कटनी सहित तीन जिलों के प्रभारी पूर्व मंत्री, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने मुख्य अतिथि के रूप व्यक्त किये। श्री पाठक ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम धन संग्रह समर्पण अपनी पार्टी के लिए करते हैं इससे पार्टी के प्रति कार्यकर्ता का अपनत्व बढ़ता है। यह हमारी संस्कृति तथा दायित्व को सजग करता है। भारतीय जनता पार्टी कटनी जिले का एक एक कार्यकर्ता समर्पण निधि अभियान में कटनी जिले से इस अभियान को ऐतिहासिक बनाने जुट जाएं।

श्री पाठक ने कहा कि पंडित दीनदयालजी की पुण्यतिथि पर हम सभी इस अभियान को संकल्प के साथ शुरू करें तथा अगले पांच दिनों में पूरा करें। उन्होंने कहा कि दायित्ववान कार्यकर्ता हों या फिर जनप्रतिनिधि आज पार्टी की बदौलत ही इस मुकाम पर हैं तो आज पार्टी के लिए हमारा यह समर्पण पार्टी के प्रति ऋण चुकाने जैसा है। बैठक में अन्य नेताओं ने कहा कि हाल ही में बूथ विस्तार अभियान को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिस मनोयोगपूर्वक किया वैसे ही हमें समर्पण निधि अभियान के लिए भी कटनी को दिए गए संकल्प को पूरा करना है। इस कार्य में समस्त मण्डलों में बूथ स्तर पर कार्यकर्ता जुट जाएं। संगठन विस्तार के लिए प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की बूथ विस्तारक योजना में कटनी जिले के प्रत्येक कार्यकर्ताओं ने जिस उत्साह से कार्य किया वह काबिले तारीफ है। समर्पण निधि संग्रह अभियान के जिला संयोजक सुनील उपाध्याय ने इस अभियान का महत्व समझाते हुए किस तरह इसमें सभी कार्यकर्ताओं की भागीदारी तथा जनता की भागीदारी सुनिश्चित हो इस बारे में जानकारी दी। इसके पहले जिलाध्यक्ष ने निधि समपर्ण अभियान की प्रस्तावना रखी। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी ने किया। आभार प्रदर्शन करते हुए विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने कहा कि समर्पण निधि संग्रह अभियान के लिए कटनी जिले के संकल्प से बढ़ कर हम सभी अपना दायित्व निभाएंगे। उन्होंने इस अभियान में जुटने के लिए सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मंचासीन अतिथियों में कटनी जिले सहित उमरिया तथा शहडोल के प्रभारी विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक प्रणय पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंघानिया, सह कोषाध्यक्ष अर्पित अग्रवाल सहित समस्त मण्डलों के अध्यक्ष व सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर-एसपी ने दिखाई यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी

कटनी। यातायात नियमों से हर व्यक्ति को अवगत कराने यातायात थाने के द्वारा जागरूकता रथ निकाला गया है जो शहर सहित जिले के समस्त थानों में भ्रमण करते हुए लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करेगा। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, एसडीओपी विजयराघवगढ़ शिखा सोनी, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, यातायात थाना प्रभारी विनोद दुबे के अलावा विभिन्न थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे। यातायात थाना प्रभारी विनोद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता रथ 1 माह तक तक भ्रमण करते हुए आम नागरिकों को यातायात नियमों से अवगत कराएगा जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को सड़क पर चलने के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा वाहन चलाते वक्त हेलमेट लगाने के अलावा कार चलाते समय सीट बेल्ट अनिवार्यता के साथ लगाने सहित अन्य यातायात नियमों के बारे में बताया जाएगा।

ट्रक की टक्कर से युवक घायल

कटनी। चालक की लापरवाही के कारण ट्रक की टक्कर लगने से युवक घायल हो गया। जानकारी अनुसार बरही थानांतर्गत ग्राम बगदरा में ट्रक क्रमांक एम.पी.21जी-1495 के लापरवाह चालक ने वाहन की टक्कर मारकर ग्राम हदरहटा निवासी 35 वर्षीय अमित चतुर्वेदी पिता अभिलेश प्रसाद चतुर्वेदी को घायल कर दिया। दुर्घटना का शिकार हुए युवक की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम किया है।

सट्टा-पट्टी काटते तीन गिरफ्तार

कटनी। अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर पुलिस ने सट्टा-पट्टी काट रहे तीन युवकों को पकड़ कर कार्रवाई की है। माधवनगर पुलिस ने निवार में नारायण सिंह को पकड़ा। जिसके पास से एक सट्टा-पट्टी व नगदी 375 रुपए जप्त हुए। देवरी सानी में पुलिस द्वारा बसंत सिंह को सट्टा-पट्टी काटते हुए पकड़ा गया जिसके कब्जे से एक नग सट्टा-पट्टी के अलावा नगदी 370 रुपए जप्त हुए। पुलिस ने ग्राम कन्हवारा में राजकुमार राव को पकड़ा जो सट्टा-पट्टी के माध्यम से अंकों पर दांव लगा रहा था। युवक के कब्जे से दो नग सट्टा-पट्टी व 210 रुपए नगद जप्त किए गए।

रंजिशन महिला से मारपीट

कटनी। महिला से मारपीट करने व उसे धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफपुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। एनकेजे थानांतर्गत ग्राम कटंगीकला में पुरानी रंजिश के कारण औसरदीन उर्फ पप्पू गड़ारी ने मुन्नी बाई पति हेतराम के साथ विवाद किया और अशब्दों का प्रयोग किया।

बैंक अधिकारियों के साथ बरही पुलिस ने की बैठक

बैंकों के आसपास अज्ञात व्यक्ति को देखते ही सूचित करने के निर्देश

कटनी/बरही। बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गुरुवार को बरही थाने में थाना प्रभारी अरविंद जैन के द्वारा क्षेत्र के समस्त बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित की गई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ-साथ सुरक्षा पर भी बात हुई। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक से बैंक मैनेजर वसीम उल कादरी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से अक्षय कुमार, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक से विजय प्रकाश, ईसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक से जगदीश यादव, पंजाब नेशनल बैंक से पंकज कुमार सिंह और फिनकार बैंक से अनिल कुमार द्विवेदी बैठक में उपस्थित हुए। पुलिस विभाग की ओर से थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद जैन द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को बैंक में नाइट विजन की सुविधा के साथ सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम एमोशन डिटेक्शन सिस्टम लगवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही बैंक में अवांछित लोगों के पाए जाने पर पुलिस को सूचना दिए जाने हेतु भी बताया गया। साथी टीआई बरही अरविंद जैन द्वारा अपने स्टाफ के साथ बैंकों में जाकर सुरक्षा संबंधी निरीक्षण किया गया। जिसमें बैंकों के आसपास स्थित मकानों में किराए से रहने वालों की जांच पड़ताल की जा रही है।

दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

पीड़िता के आत्महत्या करने के बाद पुलिस को मिली सफलता

कटनी/रीठी। रीठी थाना अंतर्गत एक युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर फरार आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि ग्राम मुहास निवासी 18 वर्षीय छोटू उर्फ कौशल पिता अर्जुन चौधरी ने बीते दिनों एक युवती के साथ दुष्कर्म किया था। घटना से क्षुब्ध होकर युवती ने अग्नि स्नान कर लिया था। बुरी तरह आग में झुलस जाने के बाद उसे पहले रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बाद में जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत भी हो गई थी। पुलिस ने पीड़िता के मृत्युपूर्व बयान के आधार पर छोटू उर्फ कौशल चौधरी के विरुद्ध धारा 376, 506 के तहत मामला दर्ज किया था लेकिन अपने विरुद्ध अपराध दर्ज होने की जानकारी लगने के बाद आरोपी फरार हो गया था। जिसकी तलाश में पुलिस को सफलता मिल गई और पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

जंगल की बिछी थी बिसात, पुलिस के हत्थे चढ़े जुआरी

कटनी। तास पत्तों से रूपयों की बाजी लगाने में मशगूल जुआरियों को पकड़ कर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। कुठला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जंगल में दबिश दी और जुआरियों को दबोचा है। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि लमतरा इंडस्ट्री एरिया के आगे जंगल में जुआ फड़ संचालित हो रहा था। सूचना पर दबिश दी गई। घेराबंद कर जुआरी ब्रजेश कुमार परौहा चाका, आशीष उर्फ गोलू वानी निवासी कन्हवारा, प्रमोद लोधी कन्हवारा, राजू उर्फ जयकरण सिंह खमतरा, राहुल गौतम निवासी शिवाजी नगर को दबोचा गया। जुआरियों के पास से 12 हजार रुपये जप्त किए गए हैं। वहीं बड़वारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चांदन में कोयला प्लाट के पास दबिश दी। जहां चांदन निवासी प्रशांत दुबे, राजकुमार महोबिया, राजेश प्रसाद पांडेय को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा।

23वीं पुण्यतिथि
स्व. श्री आनंदराम दौलतानी
जाने वाले कभी नहीं आते, जाने वालों की याद आती है। (मीरा)
आपके चरणों पर हम सभी श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
शोकाकुल- मीनाराम दौलतानी, प्रिया, मान्या (पुत्रवधु), अमिता (पौत्री), लखन,भरत, (पौत्र), लवेश, नक्स, प्रियांश (परपौत्र) एवं दौलतानी परिवार
फर्म- श्रीराम गाऊन
स्टेशन रोड शिवधाम गली कटनी मो.- 9827227031.

बेचना है
आवासीय भूखंड क्षेत्रफल 56.5x वर्गफुट डायवर्टेड झिंझरी पुलिस लाइन के पास विक्रय करना है। वास्तविक खरीददार संपर्क करें
मो. 9329818900

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

सूचना
सूचित किया जा रहा है कि मैंने 10वीं की परीक्षा वर्ष 2014 में उर्त्तीण की थी मुझे विद्यालय से जो टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) प्राप्त हुई थी वह बारिश के पानी में पूरी तरह नष्ट हो गई है। अब मैंने टीसी की द्वितीय प्रति के आवेदन किया है।
आवेदक
शिवांगी (24 वर्ष)
पिता राजेश कुमार,
ग्राम हिरवारा, कटनी

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॅासे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
Hire Vintage Car for Wedding
Vintage Car Rent
स्पेशल डिस्काउंट
Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

U-TURN
END OF THE Season SALE
UPTO 50% Off
On Selected Merchandise
CITY
U-TURN, 1st & 2nd floor, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Tel : 07622 422412

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666
फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)